# यूपीनेडा ने एक दिन में 1868 रूफटाप सौर संयंत्रों की स्थापना का बनाया रिकार्ड

- बिहार व असम सहित अन्य राज्य कर रहे हैं यूपी के सौर ऊर्जा माडल का अध्ययन
- एक माह में राज्यभर में स्थापित किए गए 31,165 रूफटाप सौर ऊर्जा संयंत्र

राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ : उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) ने दिसंबर माह में एक दिन में 1868 रूफटाप सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना का विश्व रिकार्ड बनाया है। साथ ही, एक माह में 31,165 रूफटाप सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर देश में दूसरा स्थान हासिल किया है। बिहार व असम सहित अन्य राज्यों ने यूपीनेडा के सौर ऊर्जा माडल का अध्ययन शुरू कर दिया है। इसके लिए यूपीनेडा के सौर ऊर्जा विशेषज्ञ संबंधित राज्यों को प्रशिक्षण भी दे रहे हैं।



यूपीनेडा के प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अब तक राज्य में रूफ टाप सौर ऊर्जा संयत्र के लिए 10,43,102 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 3,34,084 घरों पर रूफटाप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इससे 1,148.56 मेगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता विकसित हुई है। केंद्र सरकार द्वारा 2,285.46 करोड़ रुपये सब्सिडी और राज्य सरकार द्वारा लगभग 600 करोड़ रुपये अतिरिक्त सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में स्थापित रूफटाप सौर ऊर्जा संयंत्रों से प्रतिवर्ष 188 करोड़ यूनिट से अधिक स्वच्छ बिजली का उत्पादन हो रहा है। इससे लगभग 30 से 35 लाख शहरी परिवारों की वार्षिक बिजली की आवश्यकता पूरी की जा सकती है। औसतन तीन किलोवाट के संयंत्र से ही एक परिवार को 27 से 30 हजार रुपये की वार्षिक बचत हो रही है। साथ ही हर वर्ष 16.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन में कमी आ रही है।